Title: Need to set up a low power T.V. transmitter at Rodadhar in Shimla district, Himachal Pradesh- Laid.

कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ0 धनी राम शांडिल्य (शिमला): मैं आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश में शिमला संसदीय क्षेत्र के दूर-दराज के पिछड़े क्षेत्रों की दूरदर्शन की सुविधाओं से संबंधित समस्याओं की ओर आकृट करना चाहता हूं।

मान्यवर, इस विाय में जिला शिमला की तहसील चिड़ंगांव विशोकर प्रभावित है। इस क्षेत्र में शिमला दूरदर्शन केन्द्र द्वारा प्रसारित कार्यक्रम का अवलोकन इसलिए संभव नहीं है क्योंकि शिमला केन्द्र का अभी तक पूर्ण रूप से आधुनिकीकरण नहीं हो सका है। इसका सीधा प्रभाव यहां की भोली-भाली जनता पर, कृाक-बागवान वर्ग पर पड़ा है और उन्हें आधुनिक दूरदर्शन की सुविधाओं से आज के युग में वंचित रहना पड़ रहा है।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्रीय सरकार और विशोकर सूचना एवं प्रसारण मंत्री महोदया से प्रार्थना करूंगा कि शिमला दूरदर्शन केन्द्र के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाये और जिला शिमला में सीमा बडियारा के बीच रोड़ाधार पर दूरदर्शन का एक लघु शक्ति ट्रांसमीटर स्थापित करने की शीघ्र स्वीकृति दिलायें ताकि इस क्षेत्र के लोग दूरदर्शन की सुविधाओं का पूर्ण लाभ उठा सकें।